आईआईएम का स्थापना दिवस मनाया

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने अपना 15वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को मनाया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सदस्य (एचआर) क्षमता निर्माण आयोग, भारत सरकार रामास्वामी बालासुब्रमण्यम मौजूद थे। उन्होंने व्यक्तियों के सामाजिक महत्व पर जोर दिया। कहा, प्रबंधन के विद्यार्थियों को सामाजिक चुनौतियों का हल नए तरीके से निकालना चाहिए।

उन्होंने प्रबंधन कौशल को समाजोपयोगी बनाने की बात कही। साथ ही, नवाचार, नेतृत्व और डिजिटल साक्षरता के आवश्यक तत्वों पर चर्चा की। एआई/एमएल और प्रौद्योगिकी जैसे समकालीन कौशल में छात्रों की तैयारी की वकालत करते हुए उन्होंने मौजूदा चुनौतियों पर बात की।

आईआईएम, रांची का 15वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को मनाया गया।

विद्यार्थियों का प्लेसमेंट बेहतर: अध्यक्षता करते हुए आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने संस्थान की अब तक की यात्रा और उपलब्धियों का जिक्र किया। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या ने छात्रों को समुदाय और व्यावसायिक पहलों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

मौके पर संस्थान के वैसे कर्मियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने दस वर्षों की सेवा पूरी की। साथ ही, अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

Hindustan_16.12.2023_Pg. 08